2cobp NR01-48040364 18.1008001

संख्या-4372/18-प्रा0शि0-2-164(डी)/83

षक

श्री जे0बी0 गुप्ता,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश,
कानपुर ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक 29 अक्टूबर, 1983

विषय:- प्रदेश में नयी राजकीय बहुधंधी संस्थाओं की स्थापना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रणाली के अनुसार जिला सेक्टर की योजना के अन्तर्गत संबंधित जिला नियोजन एवं क्रियान्वयन समिति द्वारा पारित प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए, राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 1983-84 में पार्श्वांकित 10 जनपदों में एक-एक राजकीय पालीटेकनिक स्थापित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है ।

- राजकीय पालीटेकनिक, देवरिया
- राजकीय पालीटेकनिक, जौनपुर
- राजकीय पालीटेकनिक, बहराइच
- राजकीय पालीटेकनिक, प्रतापगढ़
- राजकीय पालीटेकनिक, बाराबंकी
- राजकीय पालीटेकनिक, फतेहपुर
- राजकीय पालीटेकनिक, उन्नाव
- राजकीय पालीटेकनिक, लखीमपुर खीरी
- राजकीय पालीटेकनिक, मैनपुरी
- राजकीय पालीटेकनिक, जालौन

पुनः राज्यपाल महोदय उक्त संस्थाओं के लिए संलग्न तालिका में अंकित अस्थायी पदों को शासनादेश जारी होने या पद भरे जाने की तिथि से जो भी बाद में हो, 29 फरवरी, 1984 तक के लिए सृजित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है । ये पद प्राविधिक शिक्षा विभाग के संबंधित संवर्ग के अस्थायी संवर्धन रूप होंगे ।

पुनः राज्यपाल महोदय उक्त संस्थाओं के लिए वर्ष 1983-84 में स्टाफ, भूमि, आवश्यक फर्नीचर व साज-सज्जा क्रय करने के लिए उनके समक्ष अंकित धनराशि की सीमा तक व्यय करने की भी स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

लाख रु0

| संस्था का नाम | भूमि क्रय हेतु धनराशि | फर्नीचर/साज-सज्जा क्रय हेतु धनराशि | स्टाफ हेतु धनराशि |
|---|---|---|---|
| राजकीय पालि0, देवरिया | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 जौनपुर | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 बहराइच | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 प्रतापगढ़ | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 बाराबंकी | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 फतेहपुर | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 उन्नाव | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 लखीमपुर खीरी | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 मैनपुरी | 5.00 | 0.25 | 0.20 |
| राजकीय पालि0 जालौन | -- | 0.25 | 0.20 |
| योग | 45.00 | 2.50 | 2.00 |

Lecturer Electrical Engg
Govt. Polytechnic Deoria